तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024



10 घरेलू विवाद में पिता ने कर दी बेटे की हत्या, आरोपी...



11 बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा पर देवें विशेष ध्यान : देवेश






## खबर संक्षेप

### दो जगह दबिश, गांजा और अवैध शराब जब्त

जगदलपुर। पुलिस ने दो जगहों पर कार्रवाई कर एक लाख का गांजा और 18 हजार की अवैध शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया है। आज एसडीओपी सुकमा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सरिता



सिन्हा पति कार्तिक सिन्हा उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 पटनमपारा थाना सुकमा के कब्जे से 90 लीटर अवैध हाथ भट्टी का बना महुआ शराब कीमत 18000 रुपए जप्त हुआ। थाना छिंदगढ़ में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए महादेव हवा पिता सुखदेव उम्र 23 वर्ष निवासी गुदनाड़ थाना मलकानगिरी एवं तुलाराम पिता बुधराम सम्राट उम्र 24 वर्ष ग्राम नारायणगुड़ा थाना मलकानगिरी से 5.730 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 97040 रुपए जप्त किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना छिंदगढ़ में अपराध क्रमांक 51/ 24 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### 5 संदिग्ध आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



किरंदुल। अपराधों पर अंकुश लगाने किरन्दुल पुलिस द्वारा चोरी की बड़ी घटना को विफल कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेजा गया है। किरन्दुल थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता पर अंकुश लगाने पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किरन्दुल निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में मंगलवार के रात्रि करीबन 23.30 बजे रात्रि टॉउन पेट्रोलिंग पर सउनि अनिल पामभोई व स्टॉफ के साथ एसपी III रैक लोडिंग, एलएण्डटी. कंपनी क्षेत्र में पहुंचे थे। तभी 5 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एसपी-III रैक लोडिंग के पास एआरडीईई कम्पनी के स्टोर के पास खड़े थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। तब पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा पांचों व्यक्तियों को घेर कर पकड़ा गया। नाम पता व उस क्षेत्र में इतनी रात 23.30 बजे खड़े रहने का कारण पुछने पर अपना नाम भीमा कड़ती पिता लखमा कड़ती उम्र 27 वर्ष, विजय कड़ती पिता भीमा कड़ती उम्र 23 वर्ष, बुधराम कड़ती पिता आयतु कड़ती उम्र 30 वर्ष, छोटू कड़ती पिता मंगू कड़ती उम्र 23 वर्ष एवं सुदरू ताती पिता हुंगा ताती उम्र 20 वर्ष थाना किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा का रहने वाले बताते हुए एसपी-III रैक लोडिंग एरिया में एआरडीईई एलएण्डटी. कंपनी के रखे लोहा को चोरी करने की नियत से आना बताया। मौके पर पुलिस के पास अनावेदकगण की गिरफ्तारी के अलावा अन्य कोई विकल्प नही होने से अनावेदकगण भीमा कड़ती, विजय कड़ती, बुधराम कड़ती, छोटू कड़ती व सुदरू ताती को मौके पर समक्ष गवाहों के धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार किया गया।

### ओपन परीक्षा के लिए 5 अक्टूबर तक है मौका

दुर्गुकोंदल। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसडी दास के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य अवसर परीक्षा नवंबर 2024 में सम्मिलित होने के लिए सामान्य शुल्क के साथ आवेदन फार्म 5 अक्टूबर तक जमा कर सकेंगे।

# ढोढरेपाल में विधायक ने किया सीसी सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ढोढरेपाल में बुधवार को विधायक विनायक गोयल ने ग्रामीणों की मांग पर सीसी सड़क का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर युवाओं में खेल सामग्री व स्पोर्टस जर्सी का भी वितरण किया गया। गांव पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने परम्परागत तरीके से भव्य स्वागत किया। चित्रकोट विधानसभा के ग्राम पंचायत ढोढरेपाल में उन्होंने विधायक निधि से सौ मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन व खेल सामग्री वितरण करने पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने परम्परागत तरीके से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा युवाओं में क्रिकेट किट, भाला, कैरमबोर्ड व अन्य खेल सामग्री के अलावा स्पोर्टस जर्सी का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल जी ने कहा कि आप लोगों की बहुत समय से मांग की गई थी जिसका आज भूमिपूजन किया गया है। सड़क निर्माण होने से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। वहीं खेल सामग्री वितरण से युवाओं को खेलकूद में प्रोत्साहन मिलेगा और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद मिलेगी।

## गोयल ने कहा- सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

### विधायक ने पोषण आहार की दी जानकारी

बुधवार को ग्राम पंचायत चिड़पाल में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य और समुचित विकास के लिए पोषण आहार की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने ग्रामीणों व बच्चों को पोषण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिसमें संतुलित आहार, आवश्यक पोषक तत्वों की भूमिका, और बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में पोषण का महत्व बताया इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी मौजूद थे जिन्होंने स्वास्थ्य सबंधी जानकारी दी।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक के अलावा जनपद अध्यक्ष श्रीमती ए जानकी राव, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती सीता नाग, जनपद उपाध्यक्ष अनंतराम कश्यप, देवी प्रसाद वेंजाम, सरपंच श्रीमती तिलोत्तमा सार्दुल, उप सरपंच श्रीमती बुदली मण्डावी, नारायण कुरानी के अलावा बड़ी संख्या में पंचगण व ग्रामीण मौजूद थे।

## गोमगुड़ा चिंतावागू नदी किनारे हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए थे

# नक्सलियों की डम्प विस्फोटक सामग्री बरामद

# पाइप तीर बम, जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स वायर मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

ग्राम करकनगुड़ा सर्चिंग के दौरान गोमगुड़ा चिंतावागू नदी किनारे पुलिस व नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। जिसमें दो नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों द्वारा घटना स्थल की सर्चिंग करने पर नक्सलियों का अस्थाई कैम्प मिला जिसे सुरक्षाबलों द्वारा ध्वस्त किया गया।

■ सर्चिंग के दौरान अस्थायी कैंप मिला

नक्सलियों द्वारा छुपाए याने डम्प पाइप बम, तीर बम, जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स वायर, त्रिपाल, नोट बुक व अन्य दैनिक उपयोग की सामाग्री बरामद की गई। सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में पीएलजीएल बटालियन एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत जिलाबल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, 206 वाहिनी कोबरा एवं 241 वाहिनी सीआरपीएफ बस्तर बटालियन की संयुक्त पार्टी विशेष नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। नक्सलियों के डम्प से बरामद सामाग्रियों में पाइप बम 1 नग, जिलेटीन रॉड 23 नग, डेटोनेटर 32 नग, बीजीएल 8 नग, कार्टिज 6 नग, हैण्ड ग्रेनेड 1 नग, तीर बम 3 नग, कोडेक्स वायर गॉठ लगा हुआ 2 नग, 9 ईलेक्ट्रिक वायर 5 नग, बम पटाखा 2 नग, पिट्ठु बैग 2 नग, पोच 2 नग, त्रिपाल 4 नग, लकड़ी का स्पाईक 8 नग, एलीमीटर 4 नग, बैटरी सेल 4 नग, छर्रा 4.5 एम.एम 1 पैकेट, नक्सली वर्दी 1 जोड़ी, बैरट कैप 1 नग, बेल्ट 11 नग, रस्सी 25 मीटर, जिओ सीम कार्ड कवर 2 नग, कंबल 4 नग, पेन ड्राईव मय एडैप्टर 2 नग, नक्सली चिट्ठी, स्विच 4 नग चार्जर 1 नग, दवाइयां समेत अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री शामिल है।



### नक्सलियों ने कहा- फर्जी मुठभेड़

*दक्षिण बस्तर डिविजन के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर चिंतलनार क्षेत्र के चिंतावांगु मुठभेड़ को फर्जी बताया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में चिंतावांगु नदी मछली पकड़ने के दौरान नदी किनारे सोए हुए ग्रामीणों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फायरिंग के दौरान कवासी भीमा जान बचाने भागते समय गोली लगने से नदी में गिर गया था। घंटों तलाश करने के बाद ग्रामीणों ने नदी से शव बरामद किया। कवासी बंडी और माड़वी भीमा को जबरन पकड़ कर सुरक्षा बल द्वारा ले जाने का आरोप लगाते कहा, पुलिस द्वारा पकड़े गए लोगों को छुड़ाने गए ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई।*

# भाजपा के सदस्य बनने पर लोगों में उत्साह : किरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मोर बूथ मोर अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधानसभा के ग्राम आसना तामाकोनी पारा बूथ क्रमांक 20 में प्रत्येक मतदान केंद्र में 100 नए सदस्य बनाने के लक्ष्य के तहत सदस्य बनाए। जिसमें महिलाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने बधाई देते हुए सभी को परिवार में आने की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में नए सदस्य बनाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाजपा का सदस्य बनने आग्रह किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुये भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ मोर बूथ मोर अभियान में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विद्याशरण तिवारी, रामाश्रय सिंह, सुब्रतो विश्वास, राधे श्याम पेंद्रे, वेणुधर पाणिग्रही, गुरु नारायण, मनीराम, गौतम सिंह, विकास जोशी, रेनू एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वन भूमि से अतिक्रमण को हटाने व जंगल बचाने कर रहे सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग द्वारा शहर के साथ-साथ अंदरूनी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने, जंगल और वन्यजीवों पर निगरानी की जा रही है। इसके चलते वन विभाग के अधिकारी, मैदानी कर्मचारी जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं। पर्यावरण सुधार के लिए वनों की कटाई को नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है। संरक्षित क्षेत्रों में और आसपास के इलाकों में गश्ती बढ़ा दी है। अधिकारियों द्वारा राज्य के जंगल और वन्यजीव विभागों पर बारीकी से निगरानी की जा रही है। वन्यजीवों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। यही कारण है कि वन विभाग के मैदानी कर्मचारी जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं। एसडीओ योगेश रात्रे ने सर्चिंग के दौरान जंगल की सुरक्षा और व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सरकार को गांवों में वन सुरक्षा समितियां बनाने और जागरूकता फैलाने और वनों की कटाई को रोकने के लिए काम करना चाहिए। प्रदूषण से लोगों को बचाने के लिए लोगों को जंगलों के संरक्षण के साथ अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। मैदानी कर्मचारियों को जंगल में सचिंर्ग करें, जिससे जंगल एवं वन्य जीवों को बचा सकें, जिससे काष्ठ और वन्यजीवों की तश्करी पर रोक लग सके।

■ मैदानी कर्मियों ने जंगल और आसपास के इलाकों में बढ़ा दी गश्ती



### लापरवाहों पर होगी कार्रवाई

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने वन भूमि के अतिक्रमण रोकने के साथ हटाने, जंगल एवं वन्यजीवों को बचाने के लिए सचिंर्ग करें। इसके लापरवाही करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत कंपनी के मेंटनेस से बंद हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग शहरीय की ओर से बुधवार को फीडरों एवं लाईनों का दीपावली पूर्व रखरखाव किया। इसके चलते जगदलपुर और धरमपुरा जोन के खपरा भट्टी, माड़ीन चौक, केन्द्रीय स्कूल, महावीर कालोनी, चंपा बाग, डीआरडीओ कॉलोनी, माड़िया चौक, लाई भट्टी, भवानी चौक हाउसिंग बोर्ड कालोनी अटल आवास, धरमपुरा 1, 2, 3, पीजी कॉलेज चौक क्षेत्र ट्रांजिस्ट हास्टल ग्यानगुड़ी, विकास नगर, महावीर नगर कालोनी, अशोका पार्क कालानी, ग्रामीण बैंक, आश्रम रोड हनुमान मंदिर के पास का क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रही। इससे उपभोक्ता परेशान रहे और कर्मचारी मरम्मत में जुटे रहे। विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा ▶▶| शेष पेज 10 पर



# सिरहासार भवन में रथ निर्माता शुलभ शौचालय की बदबू से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विजय रथ निर्माण करने झारउमरगांव व बेड़ा उमरगांव से पहुंचे दर्जनो रथ निर्माता ऐतिहासिक सिरहासार भवन के पीछे बने शुलभ शौचालय से आने वाली बदबू व पेशाब से परेशान है। रथ निर्माण करने पहुंचे कारीगरों के मुखिया व अन्य सदस्यों ने हरिभूमि को गंदगी दिखाते हुए बताया कि जहां भोजन बनाते है वहीं शौचालय की ओर से लोग पेशाब करते है जिसकी बदबू से सारे लोग परेशान है। गौरतलब है कि रथ निर्माण होने तक रथ निर्माण करने वाले कारीगर सिरहासार भवन में ही विश्राम कर विशाल रथ का निर्माण प्रतिवर्ष करते है। लेकिन इस वर्ष रथ निर्माता सिरहासार भवन के पीछे जहां भोजन पकाते है वहां शुलभ शौचालय व लोगों द्वारा टूटी खिड़की के करीब पेशाब करने से खासे परेशान है। रथ निर्माताओं के मुखिया दलपति ने किचन को दिखाते हुए बताया कि किचन की कई खिड़कियां टूटी हुई है और इसके ठीक पीछे शुलभ शौचालय बना हुआ है। मूत्र विसर्जन करने आने वाले इन्ही टूटी खिड़की के करीब ही पेशाब करते है जिससे भोजन बनाने के दौरान भारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ रथ निर्माताओं ने की मना करने की अपील



### निगम को दी गई सूचना जल्द होगा निराकरण

रथ निर्माण करने वाले कारीगरों द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। जिसके बाद निगम प्रशासन को पत्र लिखकर व्यवस्था दुरूस्त करने कहा गया है। कल तक टूटी खिड़कियों को बदल दिया जाएगा व साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जिससे रथ निर्माताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

- **रूपेश मरकाम,** तहसीलदार व सचिव दशहरा समिति

## खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट, ऑनलाइन सर्टिफिकेट, रुकने व खाने की होगी सुविधा

# हमर बस्तर-हमर संस्कृति के नारे के साथ दौड़ेगा बस्तर के साथ राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं बस्तर जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ में पहली बार राज्य स्तरीय बस्तर हाफ मैराथन एवं मास्टर मैराथन जगदलपुर में 21 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के उद्घाटन 2 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के खिलाड़ी हमर बस्तर-हमर संस्कृति के नारे के साथ दौड़ेंग।

■ 21 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2 अक्टूबर को

उक्त बातें छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के अध्यक्ष जीएस बाम्बरा ने बुधवार को आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मैराथन दो आयु वर्ग में आयोजित होगा पहला 18 वर्ष से ऊपर (21 किमी) एवं दूसरा मास्टर वर्ग (10 किमी) 35 वर्ष से ऊपर के लिए होगा (मास्टर और हाफ मैराथन किसी में भी भाग ले सकते हैं)। जिसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के वेबसाइट पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता अध्यक्ष सहित संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित होगा। मैराथन धरमपुरा फुटबॉल ग्राउंड में 2 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से की होगी। बस्तर हाफ मैराथन केवल छत्तीसगढ़ के ही खिलाड़ियों के लिए होगा, अन्य राज्यों के खिलाड़ी इसमें भाग नहीं ले सकते है। खिलाड़ियों को बिब नंबर आधार कार्ड या निवास प्रमाण पत्र को प्रमाणित करने के बाद ही दिया जाएगा। मैराथन में खिलाड़ियों को अपना फोटो, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र की प्रति, मातापिता से सहमति पत्र अनिवार्य रूप से ऑनलाइन फॉर्म में अपलोड करना एवं आयोजन के समय दिखाना होगा। खिलाड़ियों के रुकने एवं भोजन की व्यवस्था आयोजकों द्वारा एक अक्टूबर की रात से 2 अक्टूबर दोपहर तक दिया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी और सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट, ऑनलाइन सर्टिफिकेट, रुकने एवं खाने की व्यवस्था दिया जाएगा।





### 5.60 हजार का नकद पुरस्कार

बताया जा रहा है कि प्रतियोगिता में 5लाख 60 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें प्रथम को 51 हजार, द्वितीय स्थान को 41 हजार, तृतीय स्थान को 31 हजार, चतुर्थ से 11 वां स्थान को 5 हजार एवं 12 से 21 वॉ स्थान वाले को 4 हजार रूपए का पुरस्कार किया जाएगा। उपरोक्त राज्य स्तरीय ओपन बस्तर हाफ मैराथन 2024 का रोड मैप तैयार करने के लिए एक समिति गठित किया गया है। समिति में अजय मूर्ति, सुनील कुमार नायर, सुदर्शन कुमार सिंह, अनिल कुमार खोपरागड़े एवं नबी मोहम्मद आदि ने रोड मैप तैयार किया है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप होंगे। वही विशिष्ट अतिथि सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, संभाग आयुक्त डोमन सिंह, कलेक्टर हरीश एस., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिंह, विजय आनंद झांवर निदेशक टीएमटी एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड रायपुर आदि रहेंगे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### लापता बच्चे के मिलने पर पुलिस प्रशासन की सराहना



**जगदलपुर।** लेबर पार्टी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत पोंदुम के 1 सितंबर 2024 को लापता हुए बच्चा राजकुमार पोडियम के कांकेर जिले में 18 दिन बाद सकुशल मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने राजकुमार और उनके परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता और मेहनत का परिणाम है।

### चमेली नेताम को मिला सुशील यदु सम्मान



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन वृंदावन हाल रायपुर में मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डॉ. महंत राम सुंदर दास, डॉ. अभिलाषा बेहार तथा साहित्यकार-कवि उपस्थित थे। सम्मान समारोह में सुशील यदु सम्मान चमेली नेताम को दिया गया। चमेली नेताम ने कहा कि यह सम्मान बस्तरवासियों और छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का है।

### गुमलवाड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**जगदलपुर।** राज्य शासन की मंशानुरूप आम जनता की समस्या-शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम गुमलवाड़ा में 27 सितम्बर को नियत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया है। उक्त स्थान पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन हेतु आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### माता रूक्मिणी में मना एनएसएस डे



**जगदलपुर।** माता रुक्मिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस डे मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौसमी भूते द्वारा एनएसएस डे 2024 के थीम, उसके स्थापना के उद्देश्यों की जानकारी देने के पश्चात संस्थान के संस्थापक पदमश्री धर्मपाल सैनी ने स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्पार्पण के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। पद्मश्री सैनी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार ही स्वच्छता विषय पर विस्तार से उपस्थित एनएसएस की छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताते हुए इसे जीवन के अनिवार्य हिस्से के रूप में स्वीकारने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य विनोदचंद्र जोशी, रघुचन्द्र करे एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस डे के मौके पर पद्मश्री धर्मपाल सैनी, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा एनएसएस की छात्राओं द्वारा पौध रोपण भी किया गया।

### प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा स्थगित

**जगदलपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 29 सितंबर को प्रयोगशाला तकनीशियन पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया है। परीक्षा का आयोजन 6 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4.15 बजे तक किया जाएगा।

## जिले में लॉ एंड ऑर्डर के साथ बस्तर के बुनियादी समस्याओं पर उठाई आवाज

# मांगों को लेकर जनता कांग्रेस ने दिया दंतेवाड़ा में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने आज संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में मांगों को लेकर दंतेवाड़ा में धरना दिया। दंतेवाड़ा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। धरना में अनेक जिले के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी के पदाधिकारियों ने संबोधन में अपनी मांगों को सामने रखने के साथ उसके निराकरण की मांग की। जनता के साथ मिलकर श्रेष्ठ बस्तर के निर्माण में लगातार हर स्तर पर संघर्ष करने की बात कही गई। संभागीय अध्यक्ष ने कहा कि विकास के दौर में राज्य बनने के इतने साल बाद भी बस्तर में जनता बुनियादी समस्याओं के बीच जीने बेबस है। सत्ता पर बैठी पार्टी के साथ विपक्ष केवल राजनीति में लगी है। उन्होंने कहा कि आज दंतेवाड़ा जिला के पदाधिकारियों के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी को लेकर सुरक्षा की मांग के साथ दंतेवाड़ा जिले में बढ़ते अपराध, असामाजिक गतिविधियों में रोक लगाने, महिलाओं की सुरक्षा, चिटफंड में लोगों के पैसे वापसी के साथ निवेशकों के ऊपर दबाव पूर्ण कार्यवाही में रोक की मांग की है। इसी तरह बस्तर में बाहरी घुसपैठ पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया है कि अवैध ढंग से बस्तर में रहने वालों की पहचान होनी चाहिए। आदिवासियों की जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक, बस्तर में धार्मिक हिंसा पर सख्त कार्रवाई के साथ पुलिस प्रशासन व समाज के साथ तालमेल से कार्य करने, स्थानीय लोगों को रोजगार देने, बेरोजगारों के पलायन पर रोक लगाए जाने की कार्रवाई के साथ बैलाडीला एनएमडीसी परियोजना की लापरवाही से बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के साथ मृतकों को 1 करोड़ का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

किसानों की समस्याओं पर जांच समिति बनाकर तत्काल कार्रवाई करने एवं किरंदुल बचेली में एनएमडीसी परियोजना द्वारा जबरन निकाले गए आदिवासियों वापस रखना जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मांग की गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष टांकेश्वर भारद्वाज, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मार्कामी, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, महिला मोर्चा संभागीय अध्यक्ष बेला तेलाम, यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मण लखमा कोराम, सचिव कुरसु मौर्य, सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू, जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष संतोष सिंह, संभागीय महामंत्री गुड्डू खोरसा, चलमिया गोलम्पाल्ली, रोशन झाड़ी, राम चंद्रा, कृष्णा, चंदू पौड़ीयाम, लक्ष्मण मांडवी, रमेश यादव समेत कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में मौजूद थे।

## पंडित दीनदयाल एक महान विचारक एवं समाज सुधारक थे : रूपसिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती
- गुरु गोविंद सिंह वार्ड में चलाया गया सदस्यता अभियान

गुरु गोविंद सिंह वार्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने सर्वप्रथम दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जयंती अवसर पर प्रत्येक बूथ में भाजपा के 100 सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया जिसमें 167 बूथ में एक ही दिन 154 सदस्य बने। रूपसिंह मंडावी ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद दर्शन के एक प्रमुख प्रणेता एवं प्रयेता होने के साथ स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में 1940 में ही अपनी युवावस्था काल में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से प्रमुख भूमिका निभाई थी। राजनीतिक व्यक्तित्व होने के रचनात्मक लेखन एवं प्रसिद्ध संपादक रहे हैं। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई थी। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और समानता तथा न्याय के सिद्धांतों पर जोर दिया। संचालन संग्राम सिंह राणा ने किया। इस दौरान अविनाश सिंह गौतम, फुलेश्वरी कराई, सुरेश कश्यप, बंटू पांडेय, उमेश गुप्ता, राजेश सिंह, रमा सनवक, समिता यादव, उर्मिला ठाकुर, कुंती, गंगा सोनी, सुबती राव, तबसुम बेगम, मधु, गौरी नाग, त्रिवेणी सोनी, आशा सोनी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय दंतेश्वरी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और राजकीय गीत से हुई। इसके पश्चात एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने एनएसएस की स्थापना, उद्देश्यों और इसके अंतर्गत किए जाने वाले गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामाजिक कार्योंर् पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को रखते हुए कहा कि युवा असंभव को संभव कर सकते हैं और उनके छोटे-छोटे प्रयास दुनिया में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। खेल अधिकारी सत्यनारायण सोनंत ने एनएसएस की छात्राओं के कार्योंर् की सराहना की और जीवन में अध्ययन के महत्व को समझाया। डॉ. श्यामाचरण ने एनएसएस के महत्व और देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। प्राध्यापक बबीता दीवान ने एनएसएस के उद्देश्यों और गतिविधियों पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. योगेंद्र मोतीवाला ने एनएसएस की छात्राओं के समर्पण और कार्योंर् की सराहना की। कार्यक्रम में पिछले वर्ष एनएसएस की सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले और अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने नृत्य, नुक्कड़ नाटक और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताएं पैदल चाल, नदी-पहाड़, कितने भाई-कितने जैसे खेल आयोजित किए गए, जिनमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान भुवनेश्वर कुमार, जयश्री मंडल, डॉ. गुलाब चंद, ज्योति त्रिपाठी, डॉ. असीषधर दीवान, डॉ. बृजेश गौतम, डॉ. प्रियंका शुक्ला, शबाना बेगम, पद्मनी ठाकुर, डॉ. तृप्ति खन्नांग, डॉ. सीमा कार्ला, डॉ. बिंदु साहू, डॉ. हेमलता मिंज, तहसीन सुल्ताना, जीविदा कोसले और सुश्री भाग्यलक्ष्मी ठाकुर सहित उपस्थित रहे।

## जनता के विश्वास पर खरा उतरने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही : किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा के विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं को साइकिल वितरण किया

विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक सेजस विद्यालय नानगुर परिसर, आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम विद्यालय जामावाड़ा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बिलोरी में नानगुर, पुसपाल, नेतानार, तिरिया, जमावाड़ा, बाण्डापारा, बड़े मुरमा, बिलोरी, नियानार, साड़गुड़, पोड़ागुड़ा के सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने छात्राओं को साइकिल वितरण किया।

मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के हाईस्कूलों में 311 छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। प्रदेश की जनता के किये विश्वास पर खरा उतरने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही है। शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है।

सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। जगदलपुर विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। बस्तर का तेजी से विकास हो रहा है। सरस्वती साइकिल वितरण के तहत नानगुर में 60, तिरिया 10, पुसपाल 45, नेतानार 4, जामावाड़ा 26, बड़ेमुरमा 20, बाण्डापारा 20, बिलोरी 30, नियानार 60, पोड़ागुड़ा 21, साड़गुड़ 25 कुल 311 साइकिल छात्रों को वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसका विधायक ने सराहना किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य धरमू मंडावी, नानगुर सरपंच शांति बघेल, विधाशरण तिवारी ,महामंत्री रामाश्रय सिंह, रजनीश पाणिग्राही, नानगुर मंडल अध्यक्ष सतीश सेठिया, मनोहर दत्त तिवारी, राधे सेठिया, सरपंच जामावड़ा महेश्वरी नाग, सरपंच उमन बघेल, लखीधर बघेल, रमेश सेठिया, नीलाबंर सेठिया, जितेंद्र सेठिया ,अम्लपती बेस,चेतराम नाग ,बालमती नागेश सुखलाल, आसमती, डमरूधर, अभिमनयू सिंग, महेंद्र सेठिया, डीईओ बलिराम बघेल, जनपद सीईओ अमित भाटिया, बीईओ मानसिंह भारद्वाज, प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात शुभारंभ किया। इस अवसर पर आतंकवाद से समस्याओं पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही रंगोली, चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ.रानू मेश्राम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना और समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। डॉ.विमल रात्रे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक खुला मंच हैं, सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयं का एवं समाज का विकास स्वयंसेवक के रूप में किस तरीके से किया जाता है और युवा महत्वपूर्ण भूमिका किस तरीके से ज्यादा कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सी.पी. यादव ने कहा कि मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना, समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक करना, युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना, समाज में एकता और सामंजस्य को बढ़ावा देना है। इस दौरान डॉ.मोहन सोलंकी, प्रो. दिनेश दिवाकर, प्रो. नूरुल हक, प्रो. अजय ठाकुर, मोक्षा देवांगन, मनीषा नायडू, समीक्षा मांझी, राजू बघेल, तेजस्वी साहू, गोमती नाग, विपिन कुमार, देवेंद्र कश्यप, जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल, लिनेश बघेल, देवेंद्र कश्यप, जयलाल वड्डे, लक्ष्मी कश्यप, जय नारायण देवांगन, रितीका नेताम, शांति मरकाम, नितिका नाग, संतोष सेठिया, पूरन सिंह कश्यप, तामेश्वरी मौर्य, जीवन कश्यप, भुनेश्वर कश्यप समेत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## याद किए गए पंडित दीनदयाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डॉ.भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र के बलिराम कश्यप वार्ड के बूथ क्रमांक 142,143,159 में बुधवार को बूथ कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से मंगल भवन के सामने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर सफीरा साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रंजीत पाण्डेय एवं शक्ति केंद्र प्रभारी आशुतोष पॉल उपस्थित रहें। इन्होंने पंडित दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात शक्ति केंद्र प्रभारी आशुतोष पॉल ने बूथ के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान मोर बूथ मोर अभियान के तहत 100 सदस्य एक बूथ में बनाने अनुरोध किया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल की स्मृति में बुजुर्गों को कंबल और फल वितरित कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड वासी उपस्थित थे।

## जूडो प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- 3 गोल्ड, 2 सिल्वर, 3 ब्रांस पदक हासिल कर स्कूल का नाम किया रौशन

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीबीएसई जोनल लेवल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर द्वारा 20 से 22 सितम्बर तक जोनल लेवल जूडो प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के छात्र जूडो खिलाड़िय़ों ने भाग लेकर विभिन्न आयु वर्ग के अपने वजन वर्ग पर कोच मकसूदा के मार्गदर्शन पर खेलते हुए बालक वर्ग में क्रिस्टी मंडावी, प्रशांत सार्दुल, मुसेफ गाजी ने प्रथम स्थान गोल्ड पदक प्राप्त किया। साथ ही बालिका वर्ग में आरवी अवस्थी, राघव बत्रा ने सिल्वर पदक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रांजय यदु, श्रीकांत सोनी, एलेक्स कुमार ने ब्रांस पदक प्राप्त कर विद्या ज्योति स्कूल का नाम रौशन कर सीबीएसई राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में अपनी जगह बनायी। जो आगामी 7 से 11 अक्टूबर तक झारखंड में आयोजित किया जाएगा। चयनित जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़िय़ों की जबरदस्त उपलब्धि के लिए स्कूल के प्राचार्य फादर एंथोनी, सिस्टर ट्रिसा, समस्त शिक्षकगण, माता-पिता एवं जूडो संघ के पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए उनका हौसला बढ़ाया।




